तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत की 75वीं वर्षगांठ मनाएगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 अगस्त, 2020) – बुधवार, 2 सितम्बर को, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत (End of World War II) की 75वीं वर्षगांठ मनाएगी। ब्रैम्पटन के युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों (Veterans of War) के साथ ही उन्हें, जिन्होंने अंतिम कुर्बानी की, सिटी के *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* वेबपेज पर सम्मानित किया जाएगा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सभी फैसिलिटीज पर झंडे आधे-झुके हुए होंगे।

2 सितम्बर को, *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* वेबपेज पर, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) और ब्रैम्पटन के, द्वितीय विश्व युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों (Brampton WWII Veterans), पायलट अफसर बिल बुरेल (Bill Burrell) और स्वर्गवासी कर्नल एडवर्ड कोनोवर (Edward Conover) के वीडियो संदेश पेश किए जाएंगे। साथ ही, इस महत्वपूर्ण वर्षगांठ के इतिहास के बारे में जानकारी पेश की जाएगी।

ब्रैम्पटन के उन निवासियों के फोटो और नाम भी, 2 सितम्बर को साझे किए जाएंगे, जिन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में सेवा दी थी।

अधिक जानने के लिए और अपनी यादें तथा शोक साझे करने के लिए, 2 सितम्बर को, ऑनलाइन www.brampton.ca/bramptonremembers पर, समुदाय का स्वागत है।

**पृष्ठभूमि**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, द्वितीय विश्व युद्ध के आधिकारिक अंत की याद मनाएगी। इस युद्ध का अंत 2 सितम्बर, 1945 को जापान (Japan) के आत्मसमर्पण करने से हुआ था। हालांकि हांगकांग (Hong Kong) में सेवा देने के अलावा, कैनेडियन सेना ने पैसिफिक (Pacific) थिएटर में सेवा नहीं दी थी, लेकिन ब्रैम्पटन के कई निवासियों ने युद्ध के यूरोपियन (European) थिएटर में सेवा दी थी। बहुत बड़ी संख्या में ब्रैम्पटन के निवासियों ने, हमारे मित्र देशों (Allied Countries) की सेना के साथ, पैसिफिक थिएटर में भी सेवा दी थी।

2 सितम्बर को सिटी, ब्रैम्पटन के उन सभी निवासियों की सेवा की याद मनाएगी और उन्हें याद करेगी, जिन्होंने उस आज़ादी को कायम रखने और इसकी रक्षा करने के लिए अंतिम कुर्बानी की, जो आज़ादी आज हमारे पास है।

**हवाले**

"द्वितीय विश्व युद्ध, 75 वर्ष पहले समाप्त हुआ था और इसने ब्रैम्पटन में कई ज़िंदगियों सहित, दुनिया को बदल दिया था। मैं उन सभी का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने युद्ध में निस्स्वार्थ सेवा दी – उनकी वजह से ही, हम आज हमारी आज़ादी का आनंद ले रहे हैं। हालांकि हम, हमारे इतिहास के इस महत्वपूर्ण हिस्से की याद मनाने के लिए व्यक्तिगत तौर पर एकत्र नहीं हो सकते, इसलिए हर किसी से मेरा

अनुरोध है कि द्वितीय विश्व युद्ध को अंत को सम्मानित करने के लिए 2 सितम्बर को *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* वेबपेज पर आएं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हालांकि हम द्वितीय विश्व युद्ध के अंत की 75वीं वर्षगांठ की याद मनाने के लिए व्यक्तिगत तौर पर एकत्र नहीं हो सकते, फिर भी यह महत्वपूर्ण है कि हम, हमारे इतिहास के इस महत्वपूर्ण पल को याद रखना जारी रखें। सिटी के स्टाफ ने, वीडियो संदेशों, फोटो और शोक की बुक आदि के साथ, श्रद्धांजलि के तौर पर एक विशेष ऑनलाइन स्पेस तैयार किया है। कृपया 2 सितम्बर को, *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* पर जाकर, सेवानिवृत्त सैनिकों और युद्ध के पीड़ितों को सम्मानित करें।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मैं द्वितीय विश्व युद्ध के अंत की 75वीं वर्षगांठ के यादगार कार्यक्रम के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। चूंकि ब्रैम्पटन में हमारे सेवानिवृत्त सैनिक हैं, जिन्होंने लड़ाई के दोनों थिएटरों में सेवा दी है, इसलिए उनकी सेवा और उन्हें व उनके परिवारों को जो कीमत चुकानी पड़ी, उसे याद रखना महत्वपूर्ण है। इस शहर की उन महिलाओं की सेवा को मान्यता देना भी महत्वपूर्ण है, जिन्होंने युद्ध संबंधी प्रयासों में शानदार योगदान दिया, विशेषकर माल्टन में एयरक्राफ्ट फैक्टरियों में, या जिन्होंने इस लड़ाई के दौरान वर्दी में सेवा दी। हम, विशेषकर इस शहर के उन लोगों को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने उस आज़ादी को कायम रखने और इसकी रक्षा करने के लिए अंतिम कुर्बानी की, जो आज़ादी आज हमारे पास है। यह न हो कि हम इसे भूल जाएं।"

- *हेनरी एफ, वर्शुरेन सी.डी. (Henry F. Verschuren CD), परेड कमांडर, मेजर डबल्यू एम. ड्वाइट शार्प रॉयल कैनेडियन लीजन ब्रांच 15*

"द्वितीय विश्व युद्ध के अंत की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, रॉयल कैनेडियन लीजन ब्रांच 609 के मेम्बर, उन पुरुषों और महिलाओं की कुर्बानी को प्रकट करना चाहते हैं, जिन्होंने कैनेडा के लिए सेवा दी है। हम उन्हें याद कर रहे हैं, जिन्होंने अंतिम कुर्बानी की और कभी घर नहीं लौटे। ये वो लोग हैं, जो यूरोप, अफ्रीका, एशिया में रहते हैं और वे लोग, जिनका कभी पता नहीं लग पाया। हम उन सेवानिवृत्त सैनिकों को भी याद करते हैं, जो घर लौटे थे और अब हमारे साथ नहीं हैं। हम उनका भी धन्यवाद करते हैं, जो अभी भी हमारे साथ हैं, चाहे उनके शरीर काफी कमज़ोर हो गए हैं, लेकिन उनका जोश, हम सभी के लिए एक प्रेरणास्रोत होना चाहिए।"

- *पॉल आर, ऐक्रमैन (Paul R. Ackermann), सर्जेंट-एट-आर्म्स, रॉयल कैनेडियन लीजन ब्रांच 609*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

BRAMPTON

**Media Release**


**मीडिया संपर्क**

मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)

कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट

स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca